33"
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, अश्विन 24, 1945
सोमवार, अक्टूबर 16, 2023

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला ने अपनी हीरक जयंती के अवसर पर अपने परिसर में पहली बार मैराथन आयोजित की, जिसमें 13,500 से अधिकलोगों ने भाग लिया

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खडकवासला ने अपने साल भर चलने वाले हीरक जयंती समारोह के अंतर्गत 15 अक्टूबर,2023 को अपने परिसर में युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से पहली बार मैराथन का आयोजन किया। इस "एनडीए मैराथन" ने देश भर से आए 13,500 से अधिक प्रतिभागियों को न सिर्फ धैर्य और सहनशीलता का पाठ पढ़ाया बल्कि उन्हें और विशेष कर युवाओं को,अकादमी की श्रेष्ठ प्रशिक्षण सुविधाओं और विरासत की जानकारी दी।

इस आयोजन में कई प्रकार की दौड़ें शामिल थीं, जिनमें 42 किमी. की पूर्ण मैराथन 21 किमी. की हाफ मैराथन और 10 किमी 05 किमी. और 03 किमी. की दौड़ें शामिल थीं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडकवासला महाराष्ट्र के पुणे में स्थित है और यह सह्याद्रि पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित है। एनडीए परिसर 7,015 एकड़ में फैला हुआ है और सुरम्य पहाड़ियों और एक बड़ी झील से घिरा हुआ है। एनडीए परिसर के अंदर स्थित रनिंग ट्रैक 21 किलोमीटर और लूप के आकार का है जिसके जरिए धावक अपनी दौड़ प्राकृतिक सुंदरता के बीच पूरी करते हैं।

मैराथन में सबसे उम्रदराज प्रतिभागी 96 साल के और सबसे छोटा 05 साल का था। विभिन्न श्रेणियों के विजेता इस प्रकार हैं:-

दूरी	दौड़ वर्ग	आयु वर्ग	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
42 किमी	पुरुष	18-35 वर्ष	निशु कुमार	श्रीकांत महतो	गणेश खोमने
		36-45 वर्ष	कृष्णा सिरोठिया	लेफ्टिनेंट कर्नल	वसंत पंडिता

				स्वरूपसिंह कुंतल	
	महिला	18-35 वर्ष	लेफ्टिनेंट कमांडर अंजनी पांडे	रजनी सिंह	रविता-रामविलास राजभर
		36-45 वर्ष	अश्विनी गोकुल देवरे	आरती चंदन अग्रवाल	नेहा लोढ़ा
21 किलोमीटर	पुरुष	18-35 वर्ष	परासरन हलीहोल	कैडेट एरोन बेट	कैडेट अहमद अली
		36-45 वर्ष	संजय नेगी	अंकुश गुप्ता	योगेश सानप
	महिला	18-35 वर्ष	वेदांशी जोशी	भवनीत कौर	प्रियंका दशरथ पैक्राव
		36-45 वर्ष	अनुभूति चतुर्वेदी	नेत्रा	अंजू चौधरी
10 किलोमीटर	पुरुष	14-18 वर्ष	मोहित यादव	वैभव संजय येदागे	अविनाश लोंढे
		19-35 वर्ष	अनुराग कोनकर	आनंदु अशोक ए.एस	कोमिन्धल पुरूषोत्तम
		36-45 वर्ष	नरेंद्र पटेल	सचिन निकम	अजीत निकम
	महिला	14-18 वर्षीय	परिधि बुधवार	सिद्धि माधव गुरव	ह्रीया नीरव शाह
		19-35 वर्ष	कैडेट रितुल	कैडेट इशिता सांगवान	जयश्री वनमा
		36-45 वर्ष	तृप्ति गुप्ता	हसीना ठेमाली	अदिति मोहिले

एनडीए 16 जनवरी, 2024 को अपने अस्तित्व के 75 गौरवशाली वर्ष पूरे करेगा। 16 जनवरी, 2023 को शुरू हुए और साल भर चलने वाले समारोह के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक, खेल और साहसिक गतिविधियों की योजना बनाई है।

एबीबी/स्वामी